Agriculture

[कृषि]

भारत में कृषि का महत्व

Importance of Agriculture in India.

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व का मूल्यांकन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर किया जा सकता है -

(1) राष्ट्रीय आय में कृषि का अंश -

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान काफी अधिक है किन्तु यह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। 1950-51 में यह 55.40% जो 2013-14 में औसत आधार पर घटकर 13.9% रह गया। भारत में कृषि क्षेत्र के GDP का 0.3% भाग कृषि शोध पर व्यय किया जाता है, जबकि अमेरिका में यह 4% है। केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय आय लेखांकन की संशोधित विधि तथा आधार वर्ष 2004-05 के स्थान पर 2011-12 कर दिया गया। 2015-16 में कृषि एवं सहायक क्रियाएं क्षेत्र का हिस्सा 17.5% था जो 2017-18 के लिए यह घटकर 17.1% रह गया।

(2). कृषि में पूँजी निर्माण :→

Scanned by CamScanner

कुल सकल पूँजी निर्माण के अनुपात के रूप में सकल कृषि पूँजी निर्माण 2011-12 मूल्य कीमतों पर 2011-12 में 8.6% से गिरकर 2013-14 में 7.4% हो गई। CSO द्वारा जारी संशोधित अनुमानों के अनुसार कृषि से GDP में कृषि और संबंध क्षेत्र का % शेयर 2012-13 में 16.6% से 2015-16 में 16.3% तक गिरावट में प्रवृत्ति भी देखी गई।

(3) रोजगार की दृष्टी से कृषि का महत्व :- देश की कुल श्रमशक्ति का लगभग 48.9% भाग कृषि एवं इनसे संबंधित उद्योग-धन्धों से अपनी आजीविका कमाता है और ~~किसी~~ निजी क्षेत्र का यह सबसे बड़ा अकेला व्यवसाय है। देश का लगभग 55% कृषि क्षेत्र वर्षा पर निर्भर है।

(4) औद्योगिक विकास के लिए कृषि का महत्व:- भारत के प्रमुख उद्योगों को कच्चा माल कृषि से ही प्राप्त होता है। सूती और पटसन वस्त्र उद्योग चीनी, वनस्पति तथा बागान उद्योग आदि प्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है हथकरघा बुनाई, तेल चावल आदि बहुत से लघु और कुटिर उद्योगों को भी कृषि से ही कच्चा

Date:

माल प्राप्त होता है, अतः देश के औद्योगिक विकास के लिए भी कृषि महत्वपूर्ण है।

(5) अन्तराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में कृषि का महत्व –

भारत के विदेशी व्यापार का अधिकांश भाग कृषि से ही जुड़ा हुआ है वर्ष 2010 – 11 में देश के निर्यात में कृषि और संबंधित वस्तुओं का अनुपात 12.4% था। 2012-13 के दौरान यह बढ़कर 13.7% हो गया। वर्ष 2013-14 में 13.8 तथा 2014-15 में 12.1% रह गया। वर्ष 2010-11 के दौरान कृषिगत आयात देश के कुल आयात का 3.0% था। 2012-13 में 3.4, 2013-14 में 3.2 तथा 2014-15 में यह 5.82% रहा।

Thank you

Scanned by CamScanner